मेट्रो ३ की पटरी के लिए अत्याधुनिक तकनीक

मुंबई, कंपनी और ध्वनि का प्रभाव जानकर नए मेट्रो ३ प्रकल्प में पटरी के लिए हाई अट्रयुमेशन ट्विन ब्लाक स्लीपर तंत्र का उपयोग किए जाने की जानकारी मेट्रो ३ के अधिकारियों ने से मिली है। इस प्रकार का तंत्रज्ञान का उपयोग भारत में पहली बार किया जा रहा है। मुंबई कुलाबा से सीप्ज इस मेट्रो ३ मार्ग से बांद्रा-कुर्ला से कफ परेड इस मार्ग पर अप और डाउन को मिलाकर ४७ किलोमीटर पटरी बिठाने का ठेका लार्सन टुब्रो कंपनी को दिया गया है। इसके अंतर्गत उत्तम प्रकार के पटरी की खरीदी उत्पादन आपूर्ति स्थापना जांच और कार्यवाही इस काम का समावेश है। ऐसा मेट्रो ३ के अधिकारियों ने कहा है। इस प्रकल्प के लिए पटरी मुख्य घटक है। मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन प्रकल्प के संचालक व प्रभारी व्यवस्थापकीय संचालक सुबोध गुप्ता ने बताया कि मेट्रो ३ मार्ग पर ऐतिहासिक इमारतें होने से अत्याधुनिक टैक यंत्रणा का उपयोग किया जाएगा, जिससे कंपन व ध्वनि का प्रभाव नहीं जान पड़ेगा।